भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 803
उत्तर देने की तारीख 26 जून, 2019

राजस्थान में ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी

803. **श्री कनकमल कटारा**:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान की ऐसी ग्राम पंचायतों जहां ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी संबंधी सुविधाओं का लाभ अभी तक नहीं पहुंचा है, का कुल संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) राजस्थान के उन शहरों के क्या नाम है जिन में बी.एस.एन.एल. द्वारा 4जी सुविधा का लाभ प्रदान किया गया है;

(ग) सरकार द्वारा राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार की गई कार्य योजना का ब्यौरा हैं ?

उत्तर
संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) भारतनेट परियोजना के अंतर्गत देश की लगभग सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों में हाई स्पीड ब्रॉड बैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है । अब तक राजस्थान की कुल 10093 ग्राम पंचायतों (बीएचक्यूएस सहित) में से 8715 ग्राम पंचायतों (बीएचक्यूएस सहित) को ऑप्टीकल फाइबर के साथ जोड़ दिया गया है। उन ग्राम पंचायतों की जिले-वार स्थिति **अनुबंध-I** में दी गई है जिन्हें अभी आप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाना है ।

(ख) बीएसएनएल ने राजस्थान में 4जी सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई हैं।

(ग) भारत परियोजना के अंतर्गत राजस्थान की सभी ग्राम पंचायतों (जनजातीय क्षेत्रों वाली ग्राम पंचायतों सहित) को हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराए जाने की योजना बनाई गई है।

अनुबंध-I

जिला	ग्राम पंचायतों की कुल संख्या	*ग्राम पंचायतें जिनमें आप्टीकल फाइबर केबल बिछाई गई है	वे ग्राम पंचायतें जिन्हें अभी आप्टीकल फाइबर केबल से जोड़ा जाना है
अजमेर	259	259	0
अलवर	526	482	44
बांसवाड़ा	348	117	231
बारान	228	192	36
बाड़मेर	495	212	283
भरतपुर	385	382	3
भीलवाड़ा	395	395	0
बीकानेर	296	293	3
बूंदी	194	182	12
चित्तोड़गढ़	298	274	24
चुरू	259	259	0
दौसा	238	226	12
धौलपुर	173	96	77
डूंगरपुर	293	119	174
हनुमानगढ़	258	257	1
जयपुर	545	534	11
जैसलमेर	128	88	40
जालोर	282	282	0
झालवाड़	258	257	1
झुंझनू	309	309	0
जोधपुर	475	383	92
करौली	233	182	51
कोटा	162	160	2
नागौर	480	473	7
पाली	335	327	8
प्रतापगढ़	169	112	57
राजसमंद	214	207	7
सीकर	351	351	0
सिरोही	167	161	6
गंगानगर	342	248	94
सवाई माधोपुर	205	199	6
टोंक	238	235	3
उदयपुर	555	462	93
सकल योग	**10093***	8715	1378
***राजस्थान में 9891 ग्राम पंचायतें और 202 बीएचक्यू सहित कुल 10093 ग्राम पंचायते हैं।**			